कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मुख्य कार्यालय :- साकेत भवन आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मु.का. दूरभाष:221288,222672,फैक्स:07759-221929,पो.बाक्स नं.:12 पिन कोड:495677

Website : www.korbamunicipal.in. Email : mck.watersupply@gmail.com

सुझाव आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोरबा शहर को पेयजल आपूर्ति हेतु हसदेव नदी को आधार मानते हुए भाग ''एक'' एवं भाग ''दो'' मे विभक्त किया गया है। भाग ''एक'' के 42 वार्डो में मानक के अनुरूप शोधित पेयजल आपूर्ति हेतु UIDSSMT योजना अंतर्गत कोरबा जल आवर्धन योजना लागत राशि रू. 133.34 करोड़ भारत सरकार द्वारा स्वीकृत है। जिमसें जल शुद्धिकरण संयंत्र, विभिन्न भागो में पानी टंकियॉ एव शहर में पाइप लाईन वितरण प्रणाली इत्यादि के कार्य प्रारंभ किये जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पाइप लाईन बिछाये जाने में तत्कालिक रूप से नागरिको को होने वाली असुविधा के लिए सहयोग अपेक्षित है।

शहर के शेष बचे भाग पश्चिमी क्षेत्र कोरबा के बांकीमोंगरा एवं दर्री क्षेत्रो में 25 वार्डो हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप सतही जल आधारित परियोजना शोधित पेयजल आपूर्ति हेतु जल आवर्धन योजना भाग दो को भारत सरकार द्वारा विज्ञापित **अमृत योजना (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation) अंतर्गत प्रारंभिक DPR तैयार किया गया है।** जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 284.69 करोड़ आंकलित है। योजना अंतर्गत जल शुद्धिकरण संयंत्र, विभिन्न भागो में उच्च जलागारो का निर्माण, मेन राइजिंग पाइप लाईन एवं सम्पूर्ण क्षेत्र में वितरण प्रणाली नेटवर्क तैयार किया जाना प्रावधानित है। उक्त योजना के क्रियान्वयन पश्चात निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र में मानक के अनुरूप शोधित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

अतएव उपरोक्त प्रस्तावित प्रारंभिक योजना के DPR निगम कार्यालय के जलप्रदाय शाखा में आम नागरिक अवलोकन हेतु उपलब्ध है। तथा योजना के संबंध में प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष अपने अमूल्य सुझाव लिखित/नीचे लिखे ई-मेल पते पर प्रेषित कर सकते है। आपके सुझाव शहर में बेहतर जल आपूर्ति योजना स्थापित करने हेतु मददगार साबित हो सकती है।

Email : 1. corporationkorba@gmail.com
2. mck.watersupply@gmail.com

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)